दिनांक-04.07.2021
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

दुर्ग संभाग के भिलाई निगम में सर्वाधिक वैक्सीनेशन निगम आयुक्त श्री रघुवंशी के दिशा निर्देश में निगम क्षेत्र के नागरिकों का प्रतिदिन हो रहा टीकाकरण , अब तक 232586 लग चुका है टीका ,

भिलाईनगर/ कोविड 19 से बचाव के लिए वैक्सीनेशन कार्य में पूरे दुर्ग संभाग में भिलाई निगम लगातार अव्वल स्थान पर बना हुआ है। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनेशन की स्थिति को लेकर जारी किए गए स्टेटस में भिलाई निगम क्षेत्र में सर्वाधिक लोगों ने उत्साह के साथ टीकाकरण कराया है। अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण हो सके इसके लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी वैक्सीनेशन केन्द्रों की सतत माॅनिटरिंग करते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे हैं। निगम भिलाई द्वारा संचालित टीकाकरण केन्द्रों में नागरिक स्वफूर्त होकर टीकाकरण कराकर कोरोना वायरस के रोकथाम में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। निगम क्षेत्र में अब तक 232586 लोगों को वैक्सीनेट किया जा चुका है।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने के लिए वैक्सीन का टीकाकरण किया जाना आवश्यक है , वैक्सीनेशन को लेकर भिलाई निगम प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। वैक्सीनेशन अभियान के नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त सुनील अग्रहरि ने बताया कि निगम आयुक्त श्री रघुवंशी के मार्गदर्शन में टीकाकरण केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। अधिक से अधिक से अधिक नागरिकों का टीकाकरण करने के लक्ष्य के अनुरूप निगम का अमला कार्य में जुटा हुआ है। आॅनलाइन रजिस्ट्रेशन में परेशानी न हो इसके लिए वेरिफायर की व्यवस्था की गई। वैक्सीन को लेकर जागरूक करने मितानीने और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लिया जा रहा है। आयुक्त महोदय के निर्देश पर ड्राइन इन वैक्सीनेशन , जैसे अभियान और एक ही केन्द्र में 18 से 44 तथा 45 से 60 उम्र तक लोगों का केन्द्र बनाए जाने के कारण भिलाई शहर के नागरिक अपनी बारी बेझिझक वैक्सीन का टीका लगाकर स्वयं व परिवार को कोविड 19 के संक्रमण से सुरक्षित कर रहे है।

जनसम्पर्क अधिकारी